भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या– 2189
दिनांक 12.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

कनाडा में नीट के अंतर्गत स्नातकोत्तर प्रवेश

2189. **श्री माथेश्वरन वी.एस.:**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने के कृपा करेंगे कि:

(क) आज की तिथि के अनुसार 2025-2026 के लिए कनाडा में नीट के अंतर्गत स्नातकोत्तर (पीजी) प्रवेश हेतु वैंकूवर स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास के पास लंबित अनिवासी भारतीयों द्वारा प्रायोजित प्रमाणपत्रों की कुल संख्या कितनी है, तथा उक्त विलंब के कारण क्या हैं; और

(ख) वर्ष 2023 से आज तक नीट यूजी और पीजी के लिए भारतीय दूतावासों या महावाणिज्य दूतावास या उच्चायोग द्वारा जारी प्रायोजित प्रमाण-पत्रों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क और ख) विदेश में स्थित भारतीय मिशन/केंद्र पात्र/योग्य एनआरआई को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 6 के तहत उल्लिखित मानदंडों की पूर्ति के सत्यापन के बाद अपनी एनआरआई स्थिति को प्रमाणित करने के लिए अनिवासी भारतीय (एनआरआई) प्रमाण पत्र जारी करते हैं, जो एनआरआई स्थिति को परिभाषित करता है। तत्पश्चात, एनआरआई, भारत में उपलब्ध कुछ हितों का लाभ उठाने के लिए ऐसे प्रमाणपत्रों का उपयोग कर सकते हैं। एनआरआई प्रमाणपत्रों के धारक भी अपनी मर्जी से एनआरआई कोटा का उपयोग करते हुए एनईईटी यूजी और पीजी प्रवेश के हकदार प्रायोजक उम्मीदवारों को प्रायोजित प्रमाण पत्र जारी कर सकते हैं।

वर्ष 2023 से अब तक ओटावा में भारत के उच्चायोग और वैंकूवर और टोरंटो में भारतीय कोंसलावास द्वारा जारी एनआरआई प्रमाणपत्रों का विवरण इस प्रकार है:

क्रम सं.	भारतीय मिशन/केंद्र का नाम	जारी किए गए एनआरआई प्रमाणपत्र की संख्या		
		2023	2024	2025
1.	एचसीआई, ओटावा	16	22	23
2.	सीजीआई, वैंकूवर	29	67	65
3.	सीजीआई, टोरंटो	126	164	170

उपरोक्त किसी भी भारतीय मिशन/केन्द्रों में एनआरआई प्रमाण पत्र जारी करने के लिए कोई आवेदन लंबित नहीं है। सीजीआई, वैंकूवर आमतौर पर व्यक्तिगत रूप से किए गए आवेदन की तारीख पर प्रमाण पत्र जारी करता है तथा और डाक से आवेदन करने पर 2-3 दिनों में पूर्ण दस्तावेज जमा करने पर एनआरआई प्रमाण पत्र जारी करता है।

विदेशों में स्थित भारतीय मिशन/केन्द्र, नीट यूजी और पीजी प्रवेश के लिए "एनआरआई द्वारा प्रायोजित प्रमाणपत्र" जारी नहीं करते हैं।

*****